Book Ad Any category of Classified and get special Discount
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
Discount Code TBC10
Contact:
Kunika Advertising
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad
Mo. 8130640000

Year-14 Issue- 26
Ghaziabad, Sunday, 27 November- 2022
27 November to 03 December- 2022
Page: 8

Postal Registration No: UP/GZB- 80/2016-18
RNI.No: UPBIL/2009/28691
DAVP Code: 101473
Editor: Dheeraj Kumar
Mo.: 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2

Page 5

Page 8


# आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब ने दो ऑक्सीजन कंसंट्रेशन डोनेट किए





**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलाइट, रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनियम ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में दो ऑक्सीजन कंसंट्रेशन डोनेट किए गए। हापुड़ के स्वर्ग आश्रम रोड स्थित श्रीमती बीरण देवी मोदी हॉस्पिटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया. डीजी रो ललित खन्ना, समाजसेवी डॉ धीरज कुमार भार्गव, रो दीपक गुप्ता, आईपीडीजी रो अशोक अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरूआत की. रो ललित खन्ना ने कहा कि रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन समाज के लिए समर्पित संस्था है और लंबे समय से समाज हित के लिए काम कर रही है. ऑक्सीजन सिलिंडर या टैंक की तरह ही काम करता है. ये वातावरण से हवा लेकर उसमें से यूज नहीं होने वाले दूसरे गैस को निकालकर ऑक्सीजन कंसंट्रेट कर देता है. इससे मरीज को नया जीवन मिलता है. रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ एलाइट के अध्यक्ष रो पारित अग्रवाल ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की मदद का हरसंभव प्रयास किया जाएगा. इससे पहले सेनेटरी पैड बांटकर महिलाओं को लाभांवित किया गया था। अब मरीजों के लिए हॉस्पिटल में ऑक्सीजन कंसंट्रेशन डोनेट किया गया है. रोटरी क्लब ऑफ हापुड़ प्लेटिनियम के अध्यक्ष रो संदीप गोयल ने कहा कि आगे भी भविष्य में आरएचएएम फाउंडेशन के साथ मिलकर इसी तरह से समाज हित के कार्यों में पूरा सहयोग किया जाएगा. आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर रो डॉ धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि दो ऑक्सीजन कंसंट्रेशन से निश्चित रूप से मरीजों को मदद मिलेगी. आगे भी लोगों की मदद का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर रो अशोक ग्रोवर, रो रवि बाली, रो तन्मय मित्तल, रो विनीत जिंदल, रो सिन्नी अग्रवाल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार मोदी, संजय मोदी आदि मौजूद रहें. हॉस्पिटल के स्टाफ ने भी अपना पूरा सहयोग प्रदान किया।

शेष भाग पृष्ठ 8 पर.......

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के परिचय सम्मेलन में 600 से अधिक युवाओं ने दिया परिचय

## परिचय सम्मेलन से दहेज व दिखावा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर लगा अंकुश: मेयर आशा शर्मा




**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का 24 वां वैवाहिक परिचय सम्मेलन रविवार को समाप्त हो गया। लोहियानगर स्थित अग्रसेन भवन में हुए परिचय सम्मेलन में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए 600 से अधिक युवाओं ने भाग लिया और अपना परिचय दिया। परिचय सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को महापौर आशा शर्मा मुख्य अतिथि व विधायक सुनील शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। महापौर आशा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा अभिभावकों की सबसे बडी चिंता को दूर कर रहा है। संस्था के परिचय सम्मेलनों से उनके बच्चों को योग्य जीवन साथी मिल रहे हैं। संस्था परिचय सम्मेलनों के माध्यम से दहेज व दिखावा जैसी सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने का पुनीत कार्य भी कर रही है, जिसके लिए संस्था के पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक सुनील शर्मा ने कहा कि अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के परिचय सम्मेलनों का समाज को बहुत लाभ मिल रहा है।

शेष भाग पृष्ठ 8 पर.......

## TIRUPATI EYE

### कोहरे के कारण एक दिसंबर से निरस्त रहेगी ट्रेन

**गाजियाबाद।** कोहरा शुरू होने से पहले रेलवे हाउस बड़ौदा ने एक दिसंबर से बिहार की तरफ जाने और आनी वाली 16 ट्रेनों का परिचालन फरवरी और मार्च तक निरस्त कर दिया है। जबकि 15 ट्रेनों का परिचालन मार्च तक आंशिक रूप से निरस्त किया गया है। एक दिसंबर से आनंद विहार से लखनऊ, सीतामढ़ी, लखनऊ, मुजफ्फरपुर, सहरसा, हटिया और कैफियत जाने वाली ट्रेनों के अलावा नई दिल्ली से मालदा टाउन तक संचालित ट्रेनों का परिचालन निरस्त किया गया है। इसके अलावा नई दिल्ली से आजमगढ़, कानपुर, भागलपुर, दानापुर की कई ट्रेनों का परिचालन तीन मार्च तक अलग-अलग तिथियों में निरस्त किया गया है। 14003 मालदा टाउन से नई दिल्ली 28 फरवरी, 14004 नई दिल्ली से मालदा टाउन 28 फरवरी, 14005 सीतामढ़ी से आनंद विहार दो मार्च, 14006 आनंद विहार से सीतामढ़ी 28 फरवरी, 12583 लखनऊ से आनंद विहार 28 फरवरी, 12584 आनंद विहार से लखनऊ 28 फरवरी, 15279 सहरसा से आनंद विहार 26 फरवरी, 15280 आनंद विहार से सहरसा 27 फरवरी, 12557 मुजफ्फर नगर से आनंद विहार 28 फरवरी, 12558 आनंद विहार से मुजफ्फर नगर एक मार्च, 12873 हटिया से आनंद विहार 28 फरवरी, 12864 आनंद विहार से हटिया एक मार्च तक निरस्त रहेंगी।

BUREAU OFFICE
PRATEEK BHARGAVA
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# माता की चौकी में कलाकारों ने बांधा समां, विधि-विधान से हुई पूजा अर्चना

## सुंदर-सुंदर झांकियों ने सबका ध्यान आकर्षित किया







**गाजियाबाद।** तिरुपति बालाजी एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग की ओर से वसुंधरा सेक्टर-13 मुकुट रीजेंसी में रविवार को माता की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। सर्वप्रथम भार्गव परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ माता रानी की पूजा अर्चना कराई गई। माता की चौकी के आयोजन में ज्योति प्रचंड हुई और साथ ही कलाकारों ने एक से एक बढ़िया भजनों की रोचक प्रस्तुति देकर सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। कलाकारों ने झांकियों के माध्यम से कृष्ण सुदामा चरित्र, भगवान शिव और गौरी मां की बारात को दिखाया। दरअसल, वसुंधरा सेक्टर-12 फ्रेंड्स को-ऑपरेटिव सोसायटी निवासी डॉ धीरज कुमार भार्गव और मनीषा भार्गव ने अपने पुत्र प्रतीक भार्गव और पुत्री कुनिका भार्गव के विवाह के उपलक्ष्य में माता की चौकी का कार्यक्रम रखा था। शाम चार बजे से रात्रि आठ बजे तक माता रानी की ज्योति प्रज्जवलित कर भजनों की प्रस्तुति हुई। भगवान को भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया। भार्गव परिवार की ओर से डॉ धीरज कुमार भार्गव और मनीषा भार्गव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में आगंतुकों के लिए जलपान और भोजन की व्यवस्था की गई।

## शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो में महिला को बंदर ने काटा

**साहिबाबाद।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन दो महागुन सोसायटी में बंदर ने महिला के सिर में काट लिया। इससे उनके सिर में छह टांके आए हैं। इस घटना के बाद सोसायटी के लोग काफी घबराए हुए हैं। लोगों का आरोप है सोसायटी में 15-20 बंदरों का आतंक है। इससे पहले भी तीन से चार घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन से कोई मदद नहीं मिल पा रही है।

महिला के दामाद अनिल भारद्वाज ने बताया कि शनिवार की दोपहर उनकी सास बालकनी में खड़ी थी, इसी दौरान 15 से 20 बंदरों का झुंड आया। वह बंदरों को देखकर जैसे ही घर में अंदर घुसने लगीं तो एक बंदर आया। झपट्टा मारकर उन्हें गिरा दिया और बाल खींच लिए। इसके बाद सिर में काटकर भाग गया। इसके बाद उन्हें गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में ले जाया गया। इससे पहले उनकी नौकरानी पर भी बंदर ने हमला कर दिया था। यहां 15-20 बंदरों को झुंड महीने में दो से तीन बार आता है और सोसायटी के लोगों पर हमला करता है। अनिल ने बताया कि शनिवार को उन्हें एमएमजी अस्पताल में लेकर गए तो वहां सही इलाज नहीं मिल सका। प्राथमिक इलाज के बाद वह अपनी सास को घर ले आए। इसके बाद रविवार को वह उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में लेकर गए। जहां उनका इलाज कराया।

# गाजियाबाद जिला 46 साल बाद पुलिस कमिश्नरेट घोषित



योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में शुक्रवार को बड़ा फैसला हुआ। आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज शहरों में अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया गया है। इनके बाद अब यूपी के कुल 7 शहर ऐसे हैं, जहां पर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होगा। शुक्रवार को योगी कैबिनेट में कुल 17 प्रस्ताव रखे गए। कैबिनेट ने सभी प्रस्ताव को पास कर दिया।

कैबिनेट बैठक शुक्रवार को सीएम आवास 5-कालीदास पर हुई। सभी कैबिनेट मंत्री करीब 10 बजे यहां पहुंच गए। बैठक में विधानसभा के अनुपूरक बजट के प्रस्ताव पर सबसे पहले चर्चा हुई। इसके बाद यूपी के 3 बड़े शहरों में कमिश्नरेट सिस्टम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे मंजूरी दी गई। कैबिनेट में 3 प्रस्ताव परिवहन विभाग के भी पास हुए। इनमें 23 बस अड्डों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित करने का प्रस्ताव अहम है।

14 नवंबर 1976 को गाजियाबाद अलग जिला बना। तत्कालीन मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने इसे जिला घोषित किया था। इससे पहले ये मेरठ जिले का हिस्सा हुआ करता था। नोएडा की दादरी, हापुड़ और गढ़मुक्तेश्वर तहसील भी पहले गाजियाबाद जिले का हिस्सा होती थीं। जब हापुड़ और नोएडा नए जिले बने तो गाजियाबाद की तीन तहसीलें उनमें चली गईं। अब गाजियाबाद में तीन तहसील, चार ब्लॉक और 24 पुलिस स्टेशन हैं। कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद कुछ बड़े फैसले जो प्रशासन लेता है, उसे सीधे पुलिस ले सकेगी। पुलिस कमिश्नर व्यवस्था लागू होने के बाद 44 थानों वाले आगरा महानगर में पुलिस के अधिकार और शक्तियां बढ़ेंगी। शांति भंग में जेल भेजने के लिए आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश नहीं करना पडेगा। गुंडा एक्ट, गैंगस्टर, संपत्ति जब्तीकरण, जिला बदर आदि की फाइल डीएम के पास अनुमति के लिए नहीं भेजनी पडेगी। एसडीएम और एडीएम को दी गई एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की शक्तियां पुलिस को मिल जाएंगी। यूपी में 13 जनवरी 2020 को सबसे पहले लखनऊ और नोएडा में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया गया था। 26 मार्च 2021 को दूसरे चरण में कानपुर और वाराणसी में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया गया था। अब योगी सरकार ने तीसरे चरण में 3 शहर आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू किया है। इस तरह अब 7 महानगरों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम होगा।

# लालकुआं से ज्ञानी बॉर्डर तक जाम से मिलेगी राहत, बंद किए जाएंगे अवैध कट

**गाजियाबाद।** जीटी रोड पर लालकुआं से ज्ञानी बॉर्डर के बीच का सफर किसी सजा से कम नहीं है। लोगों ने कई जगह अतिक्रमण कर रखा है। कुछ जगह तो सड़क खस्ताहाल है। कई पॉइंट ऐसे हैं, जहां ट्रैफिक जाम लगना आम बात हो चुकी है। हल्की बारिश में भी जलभराव की समस्या लंबे समय से बनी है। अब इन सब दिक्कतों को दूर कराने का जिम्मा नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने उठाया है। करीब 300 करोड़ रुपये में इस रोड के 14.5 किमी के हिस्से को रीडिवेलप किया जाएगा। एनएचएआई की तैयारी है कि अगले महीने से काम शुरू कराया जाए। इसका डीपीआर अगले सप्ताह तक तैयार होने की उम्मीद है।



अप्रूवल के बाद टेंडर जारी करने की तैयारी है। जीटी रोड से होकर प्रतिदिन लाखों लोग दिल्ली, साहिबाबाद, वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम, शालीमार गार्डन, लोनी की तरफ आते-जाते हैं। ज्ञानी बॉर्डर से लेकर लालकुआं तक इस रोड की हालत खराब है। यह रोड शहर के बीच से होकर गुजरती है। इससे इस पर लोकल ट्रैफिक अधिक होता है। जिले की सीमा में इस रोड से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मेरठ हाइवे और एनएच 9 जुड़ता है। जीटी रोड पर दूसरे जिले और प्रदेश के वाहनों की भी काफी संख्या होती है।

### बंद किए जाएंगे अवैध कट, ऊंचा होगा फुटपाथ

एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि लालकुंआ से लेकर ज्ञानी बॉर्डर तक करीब साढ़े 14 किमी के इस हिस्से में काम किया जाएगा। यह मार्ग चार लेन का ही रहेगा। दोनों किनारों पर सड़क से ऊंचा फुटपाथ बनाया जाएगा। जगह जगह लोगों के बनाए अवैध कट बंद किए जाएंगे। यू-टर्न बनाने के साथ ही ट्रैफिक सिग्नल भी लगाए जाएंगे। इसमें सड़क चौड़ीकरण से लेकर जंक्शन और रोटरी भी तैयार की जाएगी। इससे ट्रैफिक को बिना किसी रुकावट से आसानी से आने जाने का मौका मिल सकेगा। अधिकारियों ने बताया कि इस पूरे हिस्से का नया ड्रेनेज प्लान तैयार किया जा रहा है। इससे पानी की निकासी का सही से इंतजाम हो सकेगा।

जलभराव का संकट खत्म हो जाएगा। यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम भी किया जाएगा, जिससे सड़क के जाममुक्त किया जा सके। धोबीघाट आरओबी के बनने की वजह से जीडीए ने पहले चौधरी मोड़ से रमतेराम रोड तक जीटी रोड के चौड़ीकरण यूटर्न का प्लान तैयार किया था। इसका एस्टीमेट भी तैयार हो चुका था। जब यह सड़क एनएचएआई को हैंडओवर हो गई तो जीडीए पीछे हट गया। एनएचएआई के काम किए जाने से जीडीए को काफी राहत मिल जाएगी।

# गंदगी से निगम के प्रति लोगों का गुस्सा फूटा

**गाजियाबाद।** ऋषभ पार्क, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 1 में स्थानीय पार्षद और नगर निगम के प्रति लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। क्योंकि यहां पर प्लॉट संख्या 237 के बगल में खाली प्लॉट में नगर निगम के कर्मचारियों ने सालों से कूड़ा इकट्ठा करने का अड्डा बना रखा है। जिससे आसपास के लोगों के घरों में बदबू आती रहती है। कूड़े की वजह से यहां मच्छर बहुत हो गए हैं, डेंगू फैल रहा है। घरों में लोग बीमार पड़ रहे हैं । नगर निगम और स्थानीय पार्षद से बार-बार



शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। आरोप है कि नगर निगम के कर्मचारियों के द्वारा इस प्लॉट में मरा हुआ पशु डाल दिया गया जिससे चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। इससे नाराज महिलाएं, पुरुष भड़क गए और पार्षद और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। हालांकि जोनल ऑफिसर को इस बात की जानकारी दी गई है। लोगों ने कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही के साथ साथ समस्या के तुरन्त निस्तारण की मांग की। इस मौके पर आदेश कुमार तिवारी, अशोक शर्मा, वीरेंद्र वशिष्ठ, अजय यादव, रामेश्वर दयाल पाठक, आदेश तिवारी, सचिन अरोड़ा, जे के थपलियाल, जे बी त्रिपाठी, सुबोध सैनी, योगेश वर्मा, अभिक गुप्ता, ओम प्रकाश, संजय मुखोपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# डासना में रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन ने 50 बच्चों को बांटा पौष्टिक आहार









**गाजियाबाद।** डासना देवी मंदिर के पास स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर टीबी से ग्रसित बच्चों को पौष्टिक आहार बांटा गया। रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल और रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने आरएचएएम फाउंडेशन गाजियाबाद के नेतृत्व में शिविर लगाया और 50 बच्चों को निशुल्क संतुलित आहार बांटा। ।रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव ने कहा कि उनकी संस्था टीबी से ग्रसित बच्चों की लगातार मदद कर रही है। इस बीमारी से ग्रसित बच्चों को चिन्हित कर पौष्टिक आहार बांटने का सिलसिला जारी है। संस्था ने 50 बच्चों को पौष्टिक आहार में हॉर्लिक्स, चना, गुड़, मिनरल्स, बिस्कुट, फल व अन्य आहार बांटा। गाजियाबाद की सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव ने कहा कि टीबी से ग्रसित बच्चों की मदद के लिए उनका अभियान जारी है। उन्होंने मरीजों को जागरुक करते हुए कहा कि क्षय रोग (टीबी) श्वसन सम्बन्धी रोग है जिस कारण यह शरीर के अन्य हिस्से जैसे कि हड्डिया, मष्तिष्क, पेट, पाचन तंत्र, किडनी तथा लिवर को संक्रमित कर सकता है। इसलिए इस बीमारी से बचाव के लिए पौष्टिक आहार और समय पर उपचार की जरुरत होती है। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव ने कहा कि मरीजों को टीबी की एंटीबायोटिक दवाइयों के साथ साथ मल्टीविटामिन्स, मल्टीमिनरल्स तथा उचित मात्रा में एनर्जी, प्रोटीन, फैट, कार्बोहाईड्रेट्स, तथा भोजन में फाइबर की सही मात्रा लेनी जरुरी है। स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए। बतौर चीफ गेस्ट रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष रो प्रदीप गुप्ता ने शिविर की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मरीज बीमारी के इलाज के लिए दवाइयां खाते हैं लेकिन



आहार में सही बदलाव नहीं करते जिस कारण शरीर और भी तेजी से कमजोर पड़ने लगता है। रो पवन अग्रवाल ने कहा कि क्षय रोग (टीबी) जैसी बीमारी पैदा हो जाती है। इसलिए इन सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए संतुलित आहार लेने की जरुरत होती है। सीएचसी के स्टाफ को तुलसी के पौधें भेट किए। इस मौके पर कृष्णा शर्मा, ज्योति सिंह, राहुल, सीएचसी प्रभारी भारत भूषण आदि मौजूद रहें।

# सीलिंग फैन के निर्माण की प्रक्रिया का अवलोकन किया



**गाजियाबाद।** राजेंद्र नगर के सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के विद्यार्थी आज पीआरजी इंटरनेशनल इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में सीलिंग फैन के निर्माण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। यहां एक दिवसीय कार्यशाला में छात्र एकत्रित हुए। वहां जाकर कक्षा एकादश के विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ सीलिंग फैन के निर्माण कार्य को देखा । मीडिया प्रभारी ललिता त्यागी ने बताया कि विद्यार्थियों के साथ भौतिक विज्ञान के शिक्षक कमलेश पात्रा एवम विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ राधेश्याम गुप्ता मौजूद रहे। कंपनी के संस्थापक राजीव गोयल जी ने विद्यार्थियों को सीलिंग फैन के निर्माण की कौशलता को सिखाने के साथ-साथ इसका महत्व समझाया। विद्यालय के प्रबंधक श्रीमान वीरेंद्र शर्मा एवं प्रधानाचार्य विशोक ने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उनके उज्जवल भविष्य के लिए उनको शुभकामनाएं दी ।

# 3003 जोड़ों ने सामूहिक विवाह में खाई एक-दूसरे के साथ रहने की कसम

**गाजियाबाद।** कमला नेहरू पार्क में श्रम विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सर्वधर्म का संगम देखने को मिला, जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख और बौद्ध धर्म के तीन हजार से अधिक जोड़े विवाह के पवित्र बंधन में बंधे। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल डा. वीके सिंह और उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने वर-वधू को सफल वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। एक बड़ा पंडाल लगा था, जिसके अलग-अलग ब्लाक में पंडित, मौलवी, ग्रंथी और भंते अपने-अपने धर्म के जोड़ों के विवाह के लिए मौजूद थे। यहां अगल-बगल लगे पंडाल में कहीं फेरों के लिए मंत्रोचारण हो रहा था तो वहीं निकाह के लिए मौलवी निकाह की रस्म अदायगी के बाद आयत पढ़कर दुआ करा रहे थे। बौद्ध धर्म में संकल्प दिलाने के साथ ही मंत्र पढ़ रहे थे।

गाजियाबाद के 1654, हापुड़ के 794 और जिला बुलंदशहर के 555 जोड़ों के सामूहिक विवाह हुए। इनमें 1850 हिंदू, 1147 मुस्लिम, तीन बौद्ध और तीन सिख



समुदाय के जोड़े शामिल हुए। समारोह में वर-वधू की ओर से हजारों की संख्या में स्वजन शामिल हुए, जिनके खाने और नाश्ते का इंतजाम श्रम विभाग ने पंडाल के बराबर में किया गया था।

इस मौके पर डीएम राकेश कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़ रेखा नागर, सीडीओ विक्रमादित्य मलिक, उप श्रमायुक्त रवि श्रीवास्तव, महापौर आशा शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, राज्यमंत्री प्रतिनिधि सौरभ जायसवाल पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सामूहिक विवाह समारोह में श्रम विभाग की ओर से विवाह संपन्न कराने के लिए मथुरा से 125 पंडित बुलाए गए। वहीं निकाह पढ़ाने के लिए जिले के ही 40 मौलवियों को बुलाया गया था, जिनमें से अधिकांश को वर पक्ष या वधू पक्ष की ओर से बुलाया गया। इसके अलावा बौद्ध धर्म के लिए एक भंते और सिख धर्म के लिए एक ग्रंथी भी विवाह संपन्न कराने के लिए शामिल हुए। कोरोना संक्रमण का असर भले ही खत्म सा हो गया हो, लेकिन सामूहिक विवाह समारोह में कई वर-वधू ने गजब की सावधानी भी दिखाई। बहुत से जोड़े मास्क लगाकर समारोह में शामिल हुए। समारोह में मास्क लगाने वाले हर धर्म के जोड़े शामिल थे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत तीन जिलों के 3003 जोड़ों के विवाह संपन्न हुए। सामूहिक विवाह योजना का खर्च श्रम विभाग वहन करता है। अनुदान के रूप में श्रमिक के खाते में राशि भेजी जाती है। केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से लाखों श्रमिक परिवार लाभान्वित हो रहे हैं।

# चारों ब्लॉक में एक-एक पैथोलॉजी लैब बनाए जाएंगे

**गाजियाबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को जांच के लिए जिला अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। जिले के चारो ब्लॉक में एक-एक पैथोलॉजी लैब बनाई जाएगी। 1.95 करोड़ की लागत से इन चारों लैब का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है।

इमरजेंसी कोविड रेस्पॉन्स प्रोग्राम के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह लैब बनाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने इसके लिए बजट जारी कर दिया है। एक लैब को बनाने में 48.95 लाख की राशि खर्च की जाएगी। सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधार ने बताया कि पहले सिर्फ दो सामुदायिक केंद्रों के लिए स्वीकृति मिली थी। इसमें मुरादनगर और मोदीनगर के सामुदायिक केंद्र शामिल थे। अब डासना और लोनी के केंद्रों पर भी लैब निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। इसमें पहले से ही 20 बेड के वार्ड भी बनाए जा रहे हैं जिसके बाद यह सभी सीएचसी 50 बेड का अस्पताल बन जाएगा। लैब बन जाने के बाद यह सभी सीएचसी जिला अस्पतालों की तरह काम करने लगेंगे। एमएमजी, संयुक्त अस्पताल और महिला अस्पताल में पहले से लैब बने हुए हैं। तीनों अस्पतालों के लैब में पैथोलॉजिस्ट भी तैनात हैं। हालांकि कई बार मशीनें खराब होने और केमिकल रिजेंट की कमी के कारण जांच प्रभावित भी हो जाती हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की इमरजेंसी कोविड रिस्पांस प्रोग्राम (ईसीआरपी) योजना के तहत मोदीनगर में 50 बेड का फील्ड अस्पताल बनाया जाएगा। इसके लिए शासन से स्वीकृति मिल गई है।

# नंदग्राम एफ ब्लाक शनि मंदिर पार्क में हैंडपंप खराब

**गाजियाबाद।** नंदग्राम एफ ब्लाक के शनि मंदिर पार्क में पिछले कई दिनों से हैंडपंप खराब है। इससे आसपास के लोगों को कई तरह की समस्या हो रही है। लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। कई बार निगम में इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन अभी तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। दरअसल, शनि मंदिर पार्क में एकमात्र हैंडपंप है जिससे डेढ़ हजार परिवारों की पानी की जरूरत पूरी होती है। लेकिन आजकल हैंडपंप खराब होने से इन सभी परिवारों में पानी का संकट है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी लोगों की पेयजल समस्या का समाधान नही हो सका है। स्थानीय लोगों ने बताया कि भीतर एक शनि मंदिर भी है और लोग पूजा पाठ के लिए भी जल इसी मंदिर से लेते हैं, लेकिन हैंडपंप खराब होने से लोग परेशान हैं।

# Editorial

## Persisting issues: On the new data protection bill

It says something about this England white-ball team, which won the 2019 ODI world cup and made the knockouts in T20 world cups, that they were feeling a bit angsty at the start of this T20 world cup. Two things irked them: How would they handle the post-Morgan era, as it was the Irishman Eoin Morgan who had stunningly turned around a nation which used to almost look down on white ball cricket, calling it the pyjama game. Secondly, the admiration for their aggressive game was well-deserved but what's the use without a T20 trophy in the cabinet? Mind you, right now, their Test team is also an object of awe worldwide, with its attacking cricket under Ben Stokes and Brendon McCullum. To offset the angst, they made two curious moves. Instead of McCullum, who seemed almost a natural fit for T20, they opted for Matthew Mott, a specialist T20 coach who had done the job with the women's team. Then, instead of Ben Stokes, they picked Jos Buttler for captaincy. The message from Buttler and Mott to the team was: Don't be afraid to play ugly. England walked the talk. Alex Hales, an aggressive opener whose off-field behaviour had led to his ostracisation in the Morgan era and who had a falling out with Stokes, was brought back into the team after they lost Jonny Bairstow to an injury. Buttler then sat Stokes down for a chat to enunciate the role demanded of him in the T20 team. Mott and Buttler would trust Sam Curran, deploying him as an all-round bowler who did the work with the new ball. Unlike Morgan who would be wed to the pre-game plan, Buttler chose to be more flexible, reacting to situations, as Moeen Ali would attest. And they had Ben Stokes. Not only do big moments find him, but also, if there is one constant in English cricket, it is this: Stokes will be there till the end.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# Wasim Jaffer on Suryakumar Yadav batting at No.3 for India after 111 vs New Zealand: It does make a difference



Former batter Wasim Jaffer reckoned that Suryakumar Yadav should be able to play as many balls as possible for India to put up scores in the range of 180, 200 and above. On Sunday, November 20, the 32-year-old scored an unbeaten 111 off 51 balls with the help of 11 fours and seven sixes against New Zealand. India racked up a score of 191 for the loss of six wickets after being put in to bat first. Thereafter, the Men in Blue bowled the Black Caps out for 126 in 18.5 overs and racked up a 65-run win at Bay Oval in Mount Maunganui.

Jaffer said that the Mumbai-born Suryakumar makes a difference of 20-30 runs to the eventual scores when he gets going.


"It does make a difference when Suryakumar bats one position higher. It's a tricky one for India because Virat bats there. When you select the Indian batters, the first name you would put there at this point in time is Suryakumar. You want him to play as many balls as possible and when he does that, you know what he can do," Jaffer was quoted as saying to ESPNcricinfo. Suryakumar scored his fifty off 32 balls, after which he pressed the accelerator. He batted until the very end and made sure that India set a massive score for the Kiwis to chase down.

"Most of the time, it looks like India will score 150s, 160s and Suryakumar makes a difference, taking scores of 180-200. He is the difference among all the batters and when he plays, sometimes you feel that it's beyond the opposition at times. "Today was one such day. When he bats like that, it's a nightmare for a captain to set a field for bowlers to bowl because he accesses all parts of the ground," Jaffer added. India have taken a 1-0 lead in the three-match series and can't lose the series from here on. The first T20I at Sky Stadium in Wellington couldn't take place due to relentless rain. The third and final T20I of the series is set to take place on Tuesday, November 22 at McLean Park in Napier.

## Badminton World Tour Finals 2022 shifted from China to Thailand due to Covid-19 situation

The season-ending Badminton World Tour Finals tournament has been shifted out of Guangzhou to Bangkok due to the Covid-19 pandemic situation in the Chinese city. The tournament will get underway a week earlier and will now be played from December 7 to 11, the Badminton World Federation (BWF) said in a statement on Tuesday, November 15. The postponement of sporting events in China raises concerns about the Asian Games, which were postponed until 2023. Hangzhou was set to host the continental tournament in August 2022.

# ATP Finals: Novak Djokovic beats Taylor Fritz to storm into the final



Novak Djokovic is one step away from a record-equalling sixth ATP Finals title after the Serbian defeated American Taylor Fritz on Saturday. Djokovic beat Fritz in straight sets 7-6(5), 7-6(6) in just under two hours to reach the final of the season-ending tournament. The Serb, who secured the win on his second match point, has now clinched all six matches against the American. The 21-time singles champion Djokovic will either meet third-seeded Casper Ruud or Andrey Rublev as he bids to get his hands on the ATP Finals trophy for the first time since 2015 as well as match Roger Federer's record. Having won over Daniil Medvedev in his final group match, which ended less than 24 hours ago, Djokovic got no time to recover from a grueling three-hour contest.

# We want beer, chant Ecuador fans at Al Bayt Stadium as Qatar lose FIFA World Cup 2022 opener

There were contrasting emotions at the end of 90 minutes of football on the opening night of FIFA World Cup 2022 at the Al Bayt Stadium. Ecuador fans were jubilant as Enner Valencia's men handed Qatar a 2-0 defeat, chanting for beer to be made available in and around the World Cup stadia in the Arab nation. On the other hand, Qatar fans had to look for avenues to drown their sorrows.



Quite a few of them left well before the final whistle, leading to a lot of empty stands in the 70,000-seater stadium which was decked up for the opening day of one of the most-anticipated FIFA World Cups in the history of the sport. As many as 67,000 fans, mostly Qatar nationals, filled up the Al Bayt Stadium to cheer for their national team, which was making its World Cups Finals debut. However, there was disappointment in store for them as Qatar wilted under the pressure of the big occasion. Qatar became the first host nation to lose an opening match at the FIFA World Cup in the history of the tournament. As the match was heading towards a close, the vocal Ecuador fans started chanting "We want beer". It was difficult not to ignore the sea of yellow, calling for alcohol to be supplied to celebrate the team's dominant win in the Group A opene The chants of Ecuador fans come days after FIFA World Cup organisers in Qatar banned the sale of alcohol at the stadiums. The beer ban was a late change to the rules as Qatar had said earlier that a limited number of stalls will be put up in the stadia and around the perimeter of the stadiums to sell beer. However, spectators were able to drink beer at the FIFA Fan Festival, organised in Doha.

One such fan event was also organised in Dubai with big screens, beer and other drinks on an artificial island off the city's buzzing Marina district. On the pitch, Qatar were comfortably outplayed as Ecuador captain Valencia scored both goals on the opening night. Qatar's highly-rated forwards Almoez Ali and Akram Afif were left frustrated as the hosts rarely managed to threaten the Ecuador defence in a dismal display of football. Qatar were able to do damage control in the second half but lack of intent lef t their fans disappointed as early as the opening day. Qatar's Spanish coach Felix Sanchez said he empathised with the fans and conceded that nerves let them down on one of the biggest nights in the Arab nation's history.

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों को दी 878 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात





**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के लोगों को 878 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने 755 विकास परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्धवर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अपराधमुक्त प्रदेश का सपना साकार हो रहा है। विकास योजनाओं का सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। पश्चिम यूपी की कावड़ यात्रा के रूप में सुरक्षा का माहौल व आस्था का बेहतर समन्वय बनाने का काम यूपी सरकार ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कविनगर स्थित रामलीला मैदान में प्रबुद्धजन वर्ग सम्मेलन को सम्बोधित किया और करोड़ों रुपये लागत की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जनपद गाजियाबाद के प्रबुद्धजनों- उद्योगपतियों, व्यापारियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों व युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद गाजियाबाद में विकास की अपार सम्भावनाएं हैं, जिन्हें प्रदेश सरकार ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन की शुरूआत बाबा दूधेश्वरनाथ की धरा को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि यहां की देवतुल्य जनता ने आठ माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में सभी विधानसभा सीटों पर कमल खिलाने का काम किया है, उनका मैं आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर है। मुझे खुशी है कि गाजियाबाद ने स्वच्छता के मामले में प्रदेश में नंबर वन और देश में 12वां स्थान प्राप्त किया है। 2017 से पहले गाजियाबाद की स्थिति क्या थी, प्रदेश के सबसे गंदा शहरों में गाजियाबाद जाना जाता था, गाजियाबाद की अपनी कोई ऐसी पहचान नहीं थी कि यहां कोई निवेशक आकर व्यापार कर सके। लेकिन आज गाजियाबाद का नाम स्वच्छता के मामले में प्रदेश और देश में चमक रहा है। प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता अभियान में जनता भी पूरे मनोयोग से जुड़ी तो जनप्रतिनिधियों ने भी अच्छा कार्य करके दिखाया। आज गाजियाबाद नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। देश का 12 लेन का हाईवे गाजियाबाद को जोड़ते हुए निकल रहा है। देश की पहली रैपिड रेल अगले वर्ष प्रारंभ होने जा रही है जो गाजियाबाद से होकर जा रही है। गाजियाबाद के पास अपना एयरपोर्ट है, बेहतरीन कनेक्टीविटी है। आज इसी व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए मैं स्वयं अपने जनप्रतिनिधियों के साथ रु0 878 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात गाजियाबाद को देने आया हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं 20 वर्ष सांसद रहा, दिल्ली जाते समय गाजियाबाद से गुजरना होता था, लेकिन आपको बता दूं कि 2017 से पहले मुझे गाजियाबाद से गुजरने में डर लगता था। गुंडे, माफिया व जंगलराज कायम जो था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं आज आप लोगों के बीच पहुंचने से पहले लखनऊ से चलकर दिल्ली आया। 12 फरवरी, 2023 में प्रदेश के अंदर आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट कर्टनर रेजर का शुभारंभ किया। इसके प्रति लोगों में इतना आकर्षण है, आप सोचिए 20 देशों के राजदूत, हाईकमिश्नर साथ-साथ उन देशों के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भागेदारी की और उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाले ग्लोबल समिट में आने की न केवल इच्छा व्यक्त की बल्कि कहा कि वे उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए अपने देशों के निवेशकों को भेजना चाहते हैं। 2017 से पहले प्रदेश व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपराधी संगठित अपराध करते थे जिसके कारण निवेशक आने से डरते थे, लेकिन आज अपराधी प्रदेश से पलायन कर रहे हैं और जो व्यापारी पलायन कर गए थे वे वापस आकर उत्तर प्रदेश में व्यापार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश अनंत अपार संभावनाओं का प्रदेश है। हमारे पास दुनिया का सबसे जुझारू, प्रतिभाशाली व ऊर्जावान युवा है। प्रदेश सरकार युवाओं को मौका दे रही है जिससे प्रदेश के विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार है, स्थानीय निकाय एवं पंचायतराज व्यवस्था में जब समान विचारधाराओं के लोग होते हैं तो विकास तेजी के साथ कई गुणा आगे बढ़ता है। बुलेट ट्रेन की स्पीड से विकास दिखता है, बुलेट ट्रेन की स्पीड बनाने के लिए आप सबका सहयोग जरूरी है। लोकार्पण कार्यों में जीडीए के रु0 10062.04 लाख की लागत से दो निर्माण कार्य जिनमें रु0 2153.04 लाख की लागत से गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-58 दुहाई के किमी0 17 में स्थित हिंडन नदी पर पुराने सेतु को तोड़कर नए सेतु का निर्माण कार्य जीडीए द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम से कराया है। रु0 7909.00 लाख की लागत से रेलवे संपार संख्या-153 (कोट गांव फाटक) के स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जीडीए ने रेलवे विभाग से कराया है। नगर निगम के रु0 8543.41 लाख से कराए गए 148 निर्माण कार्य, नगर विकास द्वारा यूनिट-31 सी0एंड0डी0एस0 द्वारा रु0 3198.66 लाख की लागत से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निर्माण (नगर पालिका लोनी) एवं नाले का निर्माण समेत 09 कार्य, नगर पालिका परिषद मुरादनगर के रु0 91.29 लाख के 07 निर्माण कार्य, नगर पालिका परिषद लोनी के रु0 2196.40 लाख के 102 निर्माण कार्य, नगर पंचायत निवाड़ी द्वारा रु0 70.12 लाख की लागत से वार्ड नंबर चार में बाल्मीकि मंदिर के पास तालाब के सौन्दर्यीकरण का कार्य, अतिरिक्त निर्माण खंड ईकाई (प्रथम) जल निगम द्वारा रु0 19154.51 लाख की लागत से मोदीनगर सीवरेज योजना फेस-02 सबफेज-1 एवं सबफेज-2 का कार्य। पंचायती राज विभाग के अंतर्गत रु0 1650.15 लाख की लागत से कुल कार्य जिनमें जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायतों द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य, नाला निर्माण, पंचायतघर, अन्त्येष्टि स्थल, एम0डी0एम0 भवन निर्माण, सी0सी0 कार्य निर्माण, तालाब का जीर्णोद्धार। इस मौके पर मुख्यमंत्री जी के द्वारा जनपद के विभिन्न औद्योगिक संगठनों तथा जनपद की बृहद एवं निर्यातक इकाइयों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनिवाल, मा केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ0 जनरल वी0के0 सिंह, मा राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, मा सांसद राज्यसभा अनिल अग्रवाल, महापौर आशा शर्मा, मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल आदि मौजूद रहें।

## केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री ने की प्रदर्शनी की शुरूआत, छात्र मॉडलों ने खींचा सबका ध्यान



**गाजियाबाद।** मोदीनगर के दिल्ली-मेरठ मार्ग पर दुहाई स्थित एचआरआईटी कॉलेज में मंगलवार को राइज इन उत्तर प्रदेश प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने फीता काटकर किया।

प्रदर्शनी में छात्रों ने स्टॉल पर खुद से तैयार किए गए माडल रखे। इस मौके पर केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि अब विदेश में भारतीयों को सम्मान की नजर से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत विकसित देशों से आगे चल रहा है। छात्रों को नौकरी करने की जरूरत नहीं है बल्कि वो खुद अन्य को रोजगार देने में सक्षम हैं। प्रदेश के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अथक मेहनत के बाद यूपी में विदेशी कंपनियां निवेश करने के लिए इच्छुक हैं। जल्द ही विदेशी कंपनियां यूपी में निवेश कर लाखों युवकों को रोजगार देगी। प्रदर्शनी में लगे अलग - अलग स्टॉल पर विभिन्न संस्थानों, विभागों और छात्रों की उपलब्धियों को फोटो, वस्तु तथा मॉडल डिस्प्ले के माध्यम से दर्शाया गया है। सांसद अनिल अग्रवाल ने सभी स्टॉल पर जाकर निरीक्षण किया। प्रोडक्ट से संबंधित जानकारी ली।

## मोदीनगर विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण



**गाजियाबाद।** मोदीनगर विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच ने मंगलवार सुबह गांव सिखेड़ा हजारी स्थित प्राथमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर में गंदगी देखकर विधायक ने शिक्षकों व संबंधित अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाई। इस दौरान उन्होंने कक्षा में पढ़ाई कर रहे बच्चों से सवाल पूछे तथा अधिकांश सवालों का बच्चों ने सही जवाब दिया। साथ ही बच्चों से किताब की रीडिंग भी कराई। विधायक ने बच्चों के प्रयास की सराहना की और उनका हौसला भी बढ़ाया। विधायक ने बच्चों को मिलने वाले मिड-डे मील, उनकी सुविधा के लिए शौचालय, पीने का पानी आदि की व्यवस्था भी देखी। वहां मौजूद स्टाफ से बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने को कहा। स्कूल में फर्नीचर, पठन-पाठन की सामग्री, साफ सफाई की व्यवस्था भी देखी। विधायक ने बताया कि हफ्ते में 3 दिन क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण करती हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर लगातार सुधर रहा है।

हमें इन बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। बच्चे देश और समाज का भविष्य हैं। बुनियाद मजबूत होने से ही देश का बेहतर विकास संभव है। विधायक ने स्कूल परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्या कमलेश सिंह समेत तमाम अध्यापक मौजूद रहे।

## प्रशासन की बुद्धि-शुद्धि की कामना के लिए हवन का आयोजन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के मोदीनगर थाना क्षेत्र में शत्रु संपत्ति प्रकरण में पीड़ित पक्ष के लोगों ने सोमवार को प्रशासन की बुद्धि-शुद्धि की कामना के लिए हवन का आयोजन किया। हवन में सैकड़ों लोगों ने आहुति दी। अनशन के 12वें दिन महिलाओं ने क्रमिक अनशन किया और देशभक्ति के गीत गाए। दरअसल सीकरी खुर्द गांव की भूमि को शत्रु संपत्ति घोषित किए जाने के विरोध में पीड़ित पक्ष के लोग गत 13दिनों से क्रमिक अनशन कर रहे हैं। अध्यक्षता राजेंद्र कुमार जैन व संचालन राहुल गुर्जर ने किया। धरना स्थल पर प्रशासन की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में प्रभावित लोगों के साथ-साथ महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने ढोलक चिमटा बजा कर धरना स्थल पर देशभक्ति के गीत गाए। क्रमिक अनशन करने वालों में ममता चौधरी, सुमित्रा, श्यामवती, बिरमो, रामकटोरी, प्रेमवती, पूजा रानी, कुंता, अंगूरी देवी, व सीमा शामिल रही। रविवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव केएस चौहान के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने धरना स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। जिला पंचायत सदस्य बबली गुर्जर ने कहा कि प्रशासन की तरफ से 21 तारीख तक का समय रिपोर्ट भेजने का दिया गया है, यदि रिपोर्ट जनता के हित में नहीं आई तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

# दो बच्चों की मां बन चुकीं ईशा अंबानी, तस्वीरों पर फिदा हो रहे सब

इस बात से बिल्कुल भी इनकार नहीं किया जा सकता कि 2022 अंबानी परिवार का है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस साल की शुरूआत में जहां टीना अंबानी और अनिल अंबानी के बड़े बेटे जय अनमोल अंबानी अपनी लेडी लव कृषा शाह के साथ शादी के बंधन में बंध गए, तो वहीं बीती शनिवार को मुकेश अंबानी और नीता अंबानी नाना-नानी बने हैं। दरअसल, उनकी बेटी ईशा अंबानी ने जुड़वां बच्चों को जन्म दिया है। इसी के साथ ईशा और आनंद एक लड़का और लड़की के पैरेंट्स बन गए हैं, जिनका नाम उन्होंने दो बच्चों के पैरेंट्स बनते ही जहां ईशा और आनंद फूले नहीं समा रहे, तो वहीं अंबानी और पीरामल फैमिली एक बड़े ग्रैंड सेलिब्रेशन के लिए बेहद एक्साइटेड दिख रही है।



हालांकि, ऐसा हो भी क्यों न जब ईशा और आनंद की शादी को उन्होंने खास बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी, तो उनके बच्चों का वेलकम करने में वह पीछे कैसे रह सकते हैं। यही तो एक बड़ी वजह भी है कि ईशा के मां बनते ही लोग न केवल उनके बारे में ज्यादा से ज्यादा चीजें सर्च करने लगे बल्कि उनकी ऐसी-ऐसी तस्वीरें वायरल होने लगीं, जिनमें उन्हें सजा-धजा देख हर कोई उन पर फिदा होने पर मजबूर हो रहा है। दरअसल, यह सारा किस्सा उस समय का है, जब ईशा की शादी से पहले मुकेश अंबानी ने गृह शांति की पूजा रखी थी। इस दौरान पूरा ही परिवार ट्रेडिशनल इंडियन आउटफिट्स पहनकर तैयार हुआ था, जिसमें दुल्हन बनने जा रहीं ईशा का लुक ऐसा था, जिसने हर किसी को सोचने पर मजबूर कर दिया।

ऐसा इसलिए क्योंकि इस दौरान ईशा ने मैरून रेड कलर का जड़ाऊ लहंगा पहना था, जिसमें वह यूं तो गजब की खूबसूरत लग रही थीं लेकिन कपड़ों को लेकर उनका ये सिलेक्शन थोड़ा सरप्राइजिंग भी लगा। हालांकि, इसके पीछे का सबसे बड़ा कारण क्योंकि आमतौर पर इस रंग को दुल्हनें अपने वेडिंग डे पर पहनती हैं।

# राज कुंद्रा के वकील ने नई चार्जशीट को लेकर दी सफाई



शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा पर पोर्नोग्राफी मामले में महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने एकबार फिर चार्जशीट दाखिल की है। इस मामले में राज के अलावा शर्लिन चोपड़ा, पूनम पांडे, मीता झुनझुनवाला, राजू दुबे के अलावा अन्य का भी नाम शामिल है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने दावा किया है कि राज कुंद्रा अश्लील फिल्में शूट करके ओटीटी को बेचकर उनसे कमाई भी की थी। अब इस मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने 450 पन्नों की चार्जशीट दायर की है। इस मामले में राज कुंद्रा के वकील ने हैरानी जताई है। एक बातचीत के दौरान राज कुंद्रा के वकील प्रशांत पाटिल ने बताया कि हमें मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि मुंबई साइबर क्राइम ने माननीय न्यायालय के समक्ष ये आरोप पत्र दाखिल किया है। राज कुंद्रा के वकील ने कहा हम कानून की उचित प्रक्रिया का पालन करने के लिए न्यायालय के समक्ष उपस्थित होंगे। प्रशांत पाटिल ने आगे कहा कि अश्लील सामग्री के मामले में राज कुंद्रा का कोई हाथ नहीं था और वह न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा- प्राथमिकी और मीडिया रिपोर्ट से हमें इन आरोपों के बारे में पता चला है। मेरे मुवक्किल राज कुंद्रा का उक्त अपराध से कोई लेना-देना नहीं है। प्रथम दृष्टया उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। राज कुंद्रा को न्याय पाने का अधिकार है और वह अपनी रक्षा के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। बता दें कि साल 2021 में मुंबई पुलिस ने चार्जशीट दायर की थी। इसके बाद सितंबर में एक और चार्जशीट दायर की गई। अश्लील रैकेट का मामला तब सामने आया जब पुलिस ने मुंबई के मड आइलैंड स्थित राज कुंद्रा के बंगले पर छापेमारी की। इसके बाद राज कुंद्रा को गिरफ्तार कर लिया गया था।

# 2 साल बाद खुला दिशा सालियान की मौत का राज

दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की दो साल पहले मौत हो गई थी। दिशा सालियान ने मुंबई के मलाड की एक ऊंची बिल्डिंग से कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। लेकिन न तो दिशा के परिवार वाले यह मानने को तैयार थे और न ही वो लोग, जो दिशा को करीब से जानते थे। हर किसी के मन में सवाल था कि आखिर दिशा सालियान के साथ क्या हुआ था? क्या दिशा सालियान ने आत्महत्या की? या उनकी मौत के पीछे कोई साजिश रची गई थी? दिशा सालियान की मौत कैसे हुई, इसका खुलासा अब हो गया है। सीबीआई ने अपनी जांच में दिशा सालियान की मौत को एक दुर्घटना बताया है। सीबीआई का कहना है कि दिशा सालियान की मौत नशे में संतुलन खोकर बिल्डिंग से नीचे गिरने के कारण हुई। इससे यह भी साफ हो गया है कि दिशा सालियान और सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बीच किसी तरह का कोई संबंध नहीं है। दरअसल दिशा सालियान की मौत के कुछ दिन बाद ही सुशांत सिंह राजपूत की मौत हो गई थी। दिशा सालियान की मौत 8 जून 2020 में हुई और सुशांत 14 जून 2020 में बांद्रा स्थित अपने फ्लैट पर फांसी के फंदे पर लटके मिले थे। दोनों की मौत कुछ ही दिनों के अंतराल पर हुई थी, इसी वजह से दोनों मामलों को एक साथ जोड़कर जांच



की जा रही थी। दिशा सालियान की मौत पर काफी बवाल हुआ था। दिशा के घरवालों ने इस केस में जांच की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने तब इसे आत्महत्या का मामला बताकर केस बंद कर दिया था। सीबीआई ने दिशा सालियान की मौत मामले में अलग से कोई केस दर्ज नहीं किया था, बल्कि इसे सुशांत सिंह राजपूत की मौत वाले मामले से जोड़कर केस की जांच की गई।

लेकिन अब सीबीआई ने जो निष्कर्ष दिया है, उससे साफ है कि सुशांत और दिशा के केस का आपस में कुछ लेना-देना नहीं। वहीं कुछ महीने पहले दिशा सालियान के माता-पिता ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी की मौत के नाम पर अभी भी राजनीति हो रही है और कुछ नेता दिशा की मौत संबंधी परिस्थितियों पर सवाल उठा रहे हैं। इससे उनकी बेटी की छवि खराब हो रही है। मामले का संज्ञान लेते हुए सीबीआई के अधिकारियों ने उस पार्टी की रिकॉर्डिंग और चश्मदीदों के बयानों की जांच की थी, जिसमें दिशा सालियान मौजूद थीं।

# महिलाओं को जरूर करानी चाहिए स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग



भारतीय महिलाओं में स्तन कैंसर के मामले काफी ज्यादा मिलते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बता रहे हैं कि किन महिलाओं को स्तर कैंसर की जांच करानी चाहिए।

## स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग क्या है?

महिलाओं में स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग करने के लिए महिलाओं द्वारा खुद के स्तन की जांच, डॉक्टर द्वारा स्तन की जांच और मैमोग्राम (स्तन का एक्स रे) का उपयोग किया जाता है। यह स्क्रीनिंग उन महिलाओं में की जाती है, जिन्हें स्तन कैंसर के कोई लक्षण ना हो ताकि हमें कैंसर के बारे में शुरूआती स्टेज में पता चल जाए। डेंस स्तन वाले मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया जाता है।

साथ ही एमआरआई का उपयोग उन महिलाओं में किया जाता है जिनमें स्तन कैंसर का जोखिम ज्यादा है। यह प्रारंभिक उपचार की अनुमति देता है जो बीमारी के कारण होने वाली पीड़ा और मरने की संभावना को कम करता है।

**किस उम्र में, किसको और कितनी बार स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग करवानी चाहिए?**

हर एक महिला को प्रत्येक वर्ष स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग करानी चाहिए। औसतन जोखिम वाली महिलाओं को 40 साल की उम्र में स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग शुरू कर देनी चाहिए और 70 साल की उम्र तक इसे जारी रखना चाहिए। उसके बाद ये ऑप्शनल हो जाता है। महिलाओं में स्तन कैंसर के अधिक जोखिम को देखते हुए उनकी स्क्रीनिंग करने की उम्र अलग-अलग होती है। डॉक्टर एक फॉर्मूले का उपयोग करके महिलाओं में स्तन कैंसर के जोखिम का आकलन करते हैं जिसमें इनके बारे में जानकारी शामिल है जैसे: उस महिला की वर्तमान उम्र, वह उम्र जब उसके पीरियड्स शुरू हुए थे, जिस उम्र में उन्होने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था या फिर उनका बच्चा नहीं है,करीबी रिश्तेदारों में स्तन कैंसर की मौजूदगी, पिछली बार हुए स्तन बायोप्सी में सौम्य (ब्रेस्ट लंप) स्तन रोग या एटिपिकल हाइपरप्लासिया (जोकि एक प्रकार की खोज है जब हम माइक्रोस्कोप के तहत ट्यूमर कोशिकाओं को देखते हैं) और वह महिला किस प्रकार की विशेष आबादी से संबंधित है।

- अगर महिला के बायोप्सी में पहले से एटिपिकल हाइपरप्लासिया होता है तो डॉक्टर उसे 25-30 साल के शुरूआती दौर से ही हर साल एमआरआई स्क्रीनिंग करवाने की सलाह देते हैं।
- अगर किसी महिला के परिवार में किसी सदस्य को स्तन कैंसर है या उसके जीन में है, जो स्तन कैंसर का कारण बन सकते हैं, तो ऐसे में एमआरआई स्क्रीनिंग को मैमोग्राफी के पूरक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। परिवार के बाकी महिलाओं की स्क्रीनिंग शुरू की जाती है। 30 साल की उम्र से पहले यह स्क्रीनिंग नहीं किया जाता है।
- जिन महिलाओं को पहले ही चेस्ट रेडिएशन की अनुभूति हुई होती है तो उनकी सालाना एमआरआई स्क्रीनिंग, रेडिएशन के 10 साल बाद शुरू होता है लेकिन ये भी जरुरी है कि उसकी उम्र 25 साल से कम न हो।

# आवास विकास परिषद ने 32 फ्लैट को अवैध बताते हुए खाली करने का नोटिस चस्पा किया

**गाजियाबाद।** वसुंधरा आवास विकास परिषद ने वसुंधरा 10ए, 12 और 14 में करीब 12 भूखंडो पर बने 32 फ्लैट को अवैध बताते हुए खाली करने का नोटिस चस्पा किया है। 2019 में बने इन फ्लैट में रहने वाले 150 लोगों को बेघर होने का डर सता रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि परिषद को कार्रवाई बिल्डर के खिलाफ करना चाहिए। बुधवार को 10ए के नित्या होम और समृद्धि होम्स की महिलाओं और बुजुर्गों ने बताया कि 2019 में उन्होंने घर खरीदे थे। फ्लैट्स की रजिस्ट्री भी कराई, गृहकर, बिजली का बिल और पानी का बिल भी अदा कर रहे हैं। पिछले तीन साल से आवास विकास का कोई नोटिस नहीं मिला। अचानक सोसायटी में चस्पा ये नोटिस उनके लिए परेशानी की वजह बन गया है। समृद्धि होम्स में रहने वाली जय श्री ने बताया कि उनके पति की मौत हो चुकी है। वह दिल की मरीज हैं। उनकी बाईपास सर्जरी भी हुई है।

# एक्वा लाइन मेट्रो में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे मुसाफिर



**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) की एक्वा लाइन मेट्रो में मुसाफिरों की संख्या बढ़ने के साथ अब उनके खानपान और मनोरंजन का ध्यान भी रखने का निर्णय लिया गया है। एक्वा लाइन मेट्रो स्टेशन पर लाइव एफएम चैनल रेडियो सिटी की शुरूआत के बाद अब प्रदेश में पहला मेट्रो कोच रेस्तरां खोलने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। इसमें बैठकर मुसाफिर मेट्रो की जानकारी ले सकते हैं। परिवार के साथ पार्टी भी कर सकते हैं। इसके लिए एनएमआरसी ने रिक्वेस्ट फार प्रपोजल (आरएफपी) जारी की है। इसके तहत कंपनियां 12 दिसंबर तक आवेदन कर सकती हैं। कंपनी की प्रबंध निदेशक रितु महेश्वरी ने बताया कि एक्वा लाइन मेट्रो में परिवार के साथ सफर को यादगार बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसके लिए मेट्रो में स्वादिष्ट व्यंजनों वाला रेस्तरां, एफएम के जरिये मनमोहक संगीत, शहर के इतिहास को दर्शाने के लिए म्यूजियम बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए आरएफपी जारी कर तमाम उन कंपनियों से आवेदन मांगा है, जो रेस्तरां व म्यूजियम बनाने को इच्छुक है। जो कंपनी ज्यादा राजस्व देने वाली होगी, उसी कंपनी को मेट्रो कोच में रेस्तरां बनाने की अनुमति दी जाएगी। सबसे अधिक रोमांचित करने वाली बात यह है कि इसमें एक रेस्तरां मेट्रो कोच में बनाया जाएगा। यह वही कोच है, जो एक्वा लाइन तैयार होने के बाद डेमो के लिए नोएडा में आया था। अब इस डेमो मेट्रो कोच को रेस्तरां के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सेक्टर-137 में 300 वर्गमीटर का स्थान आरक्षित कर दिया है। यहां नोएडा डिपो में खड़े मेट्रो कोच को रखा जाएगा। इसे अंदर से भले ही रेस्तरां का रूप दिया जाए, लेकिन सिटिंग अरेंजमेंट में कोई बदलवा नहीं होगा। मेट्रो की सीट जैसी है वैसी ही रहेगी, इंटीरियर में बदलाव नहीं किया जाएगा, बल्कि इसे ही रेस्तरां की शक्ल दी जाएगी। डीएमआरसी की तर्ज पर बनेगा म्यूजियम एनएमआरसी की ओर से एक म्यूजियम भी सेक्टर-137 में बनाया जाएगा। यह म्यूजियम 200 से 250 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया जाएगा।

मेट्रो आने से पहले नोएडा शहर कैसा था। उसके बाद क्या-क्या बदलाव हुए। मेट्रो का इंजन, उसके कोच इन सबकी जानकारी म्यूजियम में दी जाएगी। इसके अलावा क्या-क्या प्राचीन, प्रसिद्ध, ऐतिहासिक धरोहर हैं, यह भी जानकारी होगी। एनएमआरसी ने म्यूजियम का डिजाइन बनाने के लिए आरएफपी जारी किया है। यह म्यूजियम एनएमआरसी का इतिहास तस्वीरों के जरिये दिखाएगा।

## सांसदों और विधायकों को 11 दिनों तक के लिए शहर न छोड़ने का निर्देश



**नई दिल्ली।** नगर निगम चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) चीफ जेपी नड्डा ने शहर के सभी सांसदों और विधायकों से कहा है कि वे 11 दिनों तक के लिए शहर न छोड़ें। ऐसा इसलिए, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी दिल्ली में प्रचार का देसी तरीका अपनाएगी। सूत्रों के मुताबिक, सोमवार (22 नवंबर, 2022) देर रात नड्डा की अगुवाई में एक अहम बैठक हुई थी। मीटिंग में तय हुआ कि बीजेपी दिल्ली के एक करोड़ लोगों से व्यक्तिगत जन संपर्क साधेगी और उनके मन की बात सुनेगी। बीजेपी एमसीडी चुनाव में अपने दिग्गज नेताओं को उतारने जा रही है। आम आदमी पार्टी से मिल रही चुनौती से निपटने के लिए बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व का सहारा इस चुनाव में लेने जा रही है। दिल्ली बीजेपी के नेता या दिल्ली का नेतृत्व अभी तक आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को वो टक्कर देता हुआ दिखाई नही दे रहा है, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। ऐसे में जेपी नड्डा की अगुवाई में हुए बैठक में केंद्र के दो बड़े नेताओं को एमसीडी चुनाव में लगाया गया है। बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल और सुनील देवधर को बीजेपी ने मैदान में उतारा है। बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के रोड शो एमसीडी चुनाव में कराने की रूप रेखा तैयार कर ली गई है। दो दिन पहले बीजेपी ने 14 जगहों पर एक साथ रोड शो कराकर माहौल अपने पक्ष करने का आगाज किया था। एमसीडी के चुनाव गुजरात विधान सभा चुनाव के साथ हो रहे हैं।

## इमरजेंसी में बढ़ी मरीजों की संख्या, फर्श पर लिटाकर चल रहा इलाज

**नोएडा।** सेक्टर-24 स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआइसी) अस्पताल की इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक मरीजों से भरे पड़े हैं। आलम यह है कि अस्पताल की क्षमता से अधिक मरीज पहुंचने पर भर्ती रोग विभाग (आइपीडी) में कहीं एक बेड पर दो-दो मरीज तो कहीं फर्श पर ही लिटाकर मरीजों का इलाज करना पड़ रहा है। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि सीमित संसाधन, स्टाफ और निर्धारित बेड की संख्या के आधार पर मरीजों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ईएसआइसी अस्पताल में इन दिनों वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया के संदिग्धों मरीजों के साथ ही प्लेटलेट्स कम होने की शिकायत पर मरीजों अस्पताल पहुंच रहे हैं। हालत गंभीर होने पर कई मरीजों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है। अस्पताल के पांचवें तल पर मेडिसिन के भर्ती वार्ड में बेड की स्वीकृत क्षमता 48 है, लेकिन मंगलवार को यहां भर्ती मरीजों की संख्या 70 रही।







# आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब ने दो ऑक्सीजन कंसंट्रेशन डोनेट किए

प्रथम पृष्ठ का शेष भाग.....



## इन्होंने निभाई मुख्य भूमिका

रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सेफरोन की अध्यक्ष रो कुनिका भार्गव, दिल्ली ईस्ट एंड के अध्यक्ष रो अशोक शर्मा, गाजियाबाद सेंट्रल के अध्यक्ष रो प्रदीप गुप्ता आदि ने मुख्य भूमिका निभाई. इसके अलावा गाजियाबाद गुलमोहर की अध्यक्ष रो प्रभा शर्मा, दिल्ली विनोद नगर की अध्यक्ष रो निधि बंसल, गाजियाबाद प्रताप विहार की अध्यक्ष रो रेणू त्यागी, गाजियाबाद आस्था के अध्यक्ष रो अभिषेक गर्ग, गाजियाबाद ज्ञानखंड की अध्यक्ष ज्योति राजावत, गाजियाबाद राजनगर से रो यशि बाला, गाजियाबाद अशोका रो सचिन गर्ग, गाजियाबाद लॉटस से रो बबीता गर्ग, गाजियाबाद रॉयल से रो राहुल त्यागी, गाजियाबाद डायमंड से रो अपूर्व गोया, गाजियाबाद नॉर्थ सेंट्रल से रो विशाल गर्ग, गाजियाबाद सनरेज से रो अमन अग्रवाल, गाजियाबाद यूनिवर्स से निखिल मित्तल, गाजियाबाद विजयनगर से रो नीलम शर्मा और नोएडा एक्सटेंशन से रो निकिता ऐरन आदि ने अपना पूरा सहयोग प्रदान किया।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के परिचय सम्मेलन में 600 से अधिक युवाओं ने दिया परिचय

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की पत्रिका का विमोचन

प्रथम पृष्ठ का शेष भाग.......

युवाओं को योग्य जीवन साथी मिल रहे हैं और वे सफल दाम्पतय जीवन जी रहे हैं। संस्था समाज व देश सेवा के कार्यों में भी आगे है और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहती है। संस्था के कार्य आपसी एकता व भाईचारे को बढाने का काम भी कर रहे हैं। मुख्य संरक्षक पंडित जे के गौड़ ने बताया कि परिचय सम्मेलन के लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि 14 नवंबर रखी गई थी। 14 नवंबर तक 550 युवाओं ने पंजीकरण कराया था। सैकडों ऐसे युवा भी परिचय सम्मेलन में पहुंच गए, जिनका पंजीकरण नहीं हुआ था। ऐसे युवाओं का पंजीकरण मौके पर ही किया गया। रविवार को संस्था की पत्रिका का विमोचन भी हुआ जिसमें पंजीकृत युवाओं का विवरण भी दिया गया है।

जे के गौड़ ने बताया कि कोरोना काल के बाद हुए इस परिचय सम्मेलन की सफलता पता इसी से पता लगाया जा सकता है कि परिचय सम्मेलन में देश भर से युवा आए। रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन भी हुआ जिसमें पंडित राकेश शर्मा, पंडित नरेंद्र शर्मा, पंडित विपिन ठाकुर, पंडित प्राणनाथ शर्मा व पंडित राजपाल शर्मा को समाज का गौरव बढाने के लिए ब्राहमण गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं पंडित सुमित शर्मा को मात-पितृ भक्त श्रवण कुमार सम्मान से नवाजा गया। रविवार को सम्मेलन की अध्यक्षता संस्था के जिलाध्यक्ष पं. जयनंद शर्मा ने की। परिचय सम्मेलन को सफल बनाने में समाजसेवी और संयोजक डॉ धीरज कुमार भार्गव, महानगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, मुख्य संयोजक आदेश शर्मा, परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष पं हिमांशु भारद्वाज, रविंद्र नाथ पांडेय, शशि भारद्वाज, जिला महामंत्री विजय भारद्वाज, स्वागताध्यक्ष सुभाष शर्मा, मुख्य व्यवस्था प्रभारी पं सुभाष शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं, बुद्ध प्रकाश शर्मा, पं. जे पी शर्मा, पं. संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष पं, सुभाष शर्मा, पं. कुलदीप शर्मा, पं. गणेश चंद्र शर्मा, पं. करण शर्मा आदि ने सहयोग दिया।




# ग्रेटर नोएडा में रोटरी क्लब और RHAM फाउंडेशन ने 150 बेटियों को बांटे निशुल्क सेनेटरी पैड





**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा एफ पॉकेट स्थित फ्रांसिस एंजेल स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफरोन ने रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में मासिक अभियान के अंतर्गत सेनेटरी पैड बांटे। यहां करीब 150 बेटियों को निशुल्क 1000 सेनेटरी पैड के पैकेट बांटकर जागरूक किया। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर की अध्यक्ष रो मनीषा भार्गव ने कहा कि अक्सर स्वास्थ्य को लेकर महिलाएं समझौता करती है जिससे आगे चलकर उन्हें कई बीमारियों से जूझना पड़ता हैं। इसलिए महिलाओं और बेटियों को जागरूक होने की जरूरत है।

रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफरोन की अध्यक्ष कुनिका भार्गव ने कहा कि महिलाओं को पीरियड के समय सिर्फ सेनेटरी पैड का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि पीरियड के समय हाइजीन बहुत जरूरी हैं। आज भी बहुत सी महिलाएं जागरुकता की कमी के कारण पैड की जगह कपड़े का प्रयोग करती हैं, जो कि स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं हैं। कार्यक्रम में इंटरेस्ट स्कूल लॉटस वैली इंटरनेशनल स्कूल और गाजियाबाद भार्गव समाज समिति ने भी मुख्य भूमिका निभाई। रो अंजलि बावा ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लबों के सहयोग से समाज की जरूरतमंद महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटकर लाभान्वित किया जा रहा है।

इससे महिलाओं और बेटियों कई किस्म की गंभीर बीमारियों के प्रति भी जागरूकता आ रही है। वहीं, आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर डॉ धीरज भार्गव ने कहा कि बेटियों को सेनेटरी पैड का फायदा मिलने से महिला सशक्तिकरण अभियान आगे बढ़ रहा है। इस बार के मासिक अभियान में महिलाओं को 1000 पैकेट बांटे गए हैं। फ्रांसिस एंजेल स्कूल के प्रिंसिपल ने छात्रों को निशुल्क सेनेटरी पैड बांटने पर रोटरी क्लब और आरएचएएम फाउंडेशन का आभार जताया।

सेनेटरी पैड वितरण अभियान में गाजियाबाद सेंट्रल से रो प्रतीक गुप्ता, दिल्ली ईस्ट एंड से रो अशोक शर्मा, रो दयानंद शर्मा, रो यतेंद्र कालरा, रो अनिल छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

# इंदिरापुरम कराटे स्कूल द्वारा कराटे बेल्ट टेस्ट आयोजित

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम गाजियाबाद के नीति खंड 1 में स्थित इंदिरापुरम कराटे स्कूल में स्कूल द्वारा कराटे बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें कराटे के 16 खिलाड़ियों के अलग- अलग ओरल, प्रैक्टिकल, कीहोन, काता, कुमिते ओवरऑल एग्जाम के बाद बेल्ट अपग्रेड की गई। इंदिरापुरम कराटे स्कूल के अध्यक्ष एवं मुख्य कोच पुष्पेंद्र सिंह रावत ने बताया है इस बेल्ट टेस्ट में 4 साल की उम्र से लेकर 30 साल की उम्र तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें अक्षत ठाकुर को येलो बेल्ट मिली। स्वस्तिका बोरा, तनीशी कठोर, सीरीश गोरला, अंशुमन राठौर, शानवी चौधरी और प्रज्वल सक्सेना को ओरेंज बेल्ट मिली। तनिष्का गुप्ता, पार्थ गुप्ता, अवनी सिंह, शिवाय श्रीवास्तव, अद्विक गोयंका, अनुराग मन्ना और युवानील सिंह को ग्रीन-1 बेल्ट मिली। मोक्ष बालियान और रुद्रांश जुगरान को ब्राऊन-1 बेल्ट मिली। सभी खिलाड़ियों को कोच पुष्पेंद्र सिंह रावत ने प्रमाण-पत्र और अपग्रेडेट बेल्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर इंदिरापुरम कराटे स्कूल के सभी पदाधिकारियों प्रदीप वर्मा, कृष्ण रावत, लक्ष्मी वर्मा, नैना रावत ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।




Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.